

# अमरपाटन में अचानक हुई बारिश, मौसम का बदला मिजाज

## किसानों की माथे पर चिंता की लकीरें





**नवभारत न्यूज**

**सतना, 30 मार्च. सोमवार को दोपहर बाद अमरपाटन और आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई, जो लगभग आधे घण्टे तक होती रही.जिससे वहां के आसपास के क्षेत्रों में तेज गर्मी से राहत मिली.**

गर्मी से राहत के साथ-साथ खेतों में कटी हुई रखी फसल खराब होने की भी सूचना मिली है. मौसम विभाग के अलर्ट के अनुसार अगले 2-4 दिनों तक एमपी में बादल छाने और कहीं - कहीं गरज चमक के साथ -साथ आंधी आने और बारिश होने की अंशका जताई गई है. वर्तमान में किसानी का कार्य चरम पर है, चारों तरफ खेतों में कटी फसलें रखी हुई हैं, जिससे किसानों को बारिश से अपनी फसल को बचाने की चिंता सताने लगी है.

ऐसे में किसानों को लगने लगा है कि खेतों से फसल जल्द से जल्द घर पंहुचे. हालांकि अगर इस समय बारिश होती है तो फसलों को नुकशान होना स्वाभाविक है क्योकि ज्यादातर इलाकों में फसल या तो कट रही है या कटी हुई खेत में रखी हुई है.

### आंधी-बारिश का दौर, मौसम विभाग का अलर्ट

प्रदेश में अगले 4 दिनों तक मौसम का मिजाज बदलने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया गया है। 30-31 मार्च को आधे हिस्से में अलर्ट। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में बारिश के साथ ओले गिरने की भी आशंका जताई गई है ।मुख्य रूप से उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के जिलों में इसका प्रभाव अधिक रहेगा ।प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों (ग्वालियर, उज्जैन) में आज से ही सिस्टम सक्रिय है, सतना सहित पूर्वी मध्य प्रदेश में इसका असर कल से दिखने की संभावना है। मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे कटी हुई फसल (विशेषकर गेहूं और चना) को सुरक्षित स्थानों पर रखें ताकि ओलावृष्टि और बारिश से नुकसान न हो।



# संकल्प से समाधान अभियान के जिला स्तरीय शिविर में हितलाभ वितरित

**नवभारत न्यूज**

**सतना 30 मार्च. संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिला पंचायत सतना में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह सहित जिला पंचायत के सदस्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेंद्र सिंह, की उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राही एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.

# दर्शनार्थियों से भरी ऑटो अनियंत्रित होकर पलटी

## आधा दर्जन लोग घायल, कई इलाज के लिए रीवा गए



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 30 मार्च. मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र अन्तर्गत ताला थाना क्षेत्र में दर्शनार्थियों से भरी एक अनियंत्रित आटो दस फिट गहरी खाई में जा समाई , चालक सहित ऑटो सवार दर्शनार्थी बुरी तरह घायल हो गए.**

घटना की सूचना के बाद मौके पर मुकुन्दपुर चौकी पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद सभी संजय गांधी अस्पताल रीवा में भर्ती कराया, घटना बेला गोबिंदगढ़ मार्ग स्थित इको पार्क के पास की है। जानकारी के सभी यात्री मैहर से मां शारदा के दर्शन कर वापस मुकुन्दपुर होकर सेमरिया आ रहे थे तभी व्हाइट टाइगर सफारी इको पार्क के पास आटो अनियंत्रित हो दस फिट गहरी खाई में जा समाई वाहन में सात लोग थे सवार जो बुरी तरह हो गए ।

# टीईटी प्रकरण में सतना के शिक्षक पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

## रिटायर्ड जस्टिस यसके गंगेलें करेंगे सतना के शिक्षकों की पैरवी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 30 मार्च. जिले के लगभग दो हजार शिक्षकों सेवा में शिक्षक पात्रता परीक्षा ( टीईटी ) को लेकर उत्पन्न गंभीर स्थिति के मद्देनजर शासकीय शिक्षक संगठन ने अपने पक्ष की प्रभावी पैरवी हेतु मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व न्यायाधीश उच्च न्यायालय जबलपुर यस के गंगेलें को अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया है।**



सतना जिले के 150 से अधिक शिक्षकों ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई जाने वाली विविध याचिका की पैरवी श्री गंगेलें करेंगे। ऐसे में जिले सहित प्रदेश के टीईटी परीक्षा से प्रभावित शिक्षकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद अब बंधी है। संगठन के जिला अध्यक्ष अतुल सिंह परिहार बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा रिव्यू पिटीशन न लगाए जाने पर विवश होकर सतना जिले के शिक्षक एकजुट होकर सुप्रीम कोर्ट में विविध याचिका(रू) लगाकर पात्रता परीक्षा संबंधी उच्चतम न्यायालय के निर्णय को चुनौती दे रहे हैंद्य प्रांतीय उपाध्यक्ष विवेक सिंह के नेतृत्व में 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में विभिन्न वरिष्ठ अधिवक्ताओं से चर्चा करने के उपरांत यह निर्णय लिया। सतना शिक्षकों द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में मिसलिनियस अपील दायर की जा रही है। प्रांतीय संगठन मंत्री रविशंकर तिवारी ने कहा कि प्रदेश के शिक्षकों का पक्ष पूर्व में सुना ही नहीं गया है हम सड़क,सरकार और न्यायालयीन प्रयासों के साथ-साथ विधायी स्तर पर भी पहल कर रहे है। सांसद, विधायकों एवं मंत्रियों से संपर्क कर उन्हें इस विषय की गंभीरता से अवगत कराया गया है, ताकि आवश्यक होने पर अध्यादेश अथवा नियमों में संशोधन कराया जा सके। सुप्रीम कोर्ट से में याचिका लगाई जाने के बाद याचिका कर्ताओं की आवश्यक बैठक कन्या धवारी सतना में आयोजित की गई जिसमें सभी शिक्षकों को न्यायालय में प्रक्रिया से अवगत कराया गया 7 याचिका कर्ताओ को शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त रखे जाने का अंतरिम आदेश परीक्षा आयोजन से पूर्व प्राप्त किए जाने के प्रयास किया जा रहे हैं शिक्षा अधिकार अधिनियम में स्पष्ट उल्लेख है कि 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त रखा गया है क्योंकि तत्समय के प्रचलित भारतीय नियमों के अनुरूप इनकी नियुक्तियां की गई हैं एवं 20 से 30 वर्ष की सेवा अवधि के बाद परीक्षा लेना एवं असफल होने पर सेवानिवृत्ति करना एक अन्याय पूर्ण कार्यवाही है जिसे रोकने के लिए सतना जिले के शिक्षकों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर प्रयास किया जा रहे हैं

# आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले दो युवकों समेत महिला गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 30 मार्च. कोलगवां थाना क्षेत्र में नाबालिग ल?की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि उसे बदनामी का भय दिखाते हुए प्रता?ित किया जा रहा था। जिससे तंग आकर बालिका ने खुदकुशी कर ली। इस मामले में पुलिस ने दो युवकों समेत एक महिला को गिरफ्तार करते हुए कार्यवाही की है।**



पुलिस के अनुसार, 11 फरवरी को बाल्मीक कोरी पिता कंच्छेदीलाल कोरी निवासी भल्ला फार्म चंद्राशय आश्रम के पीछे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसकी 17 वर्षीय लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर थाना कोलगवां में मर्ग 19/26 धारा 194 बीएनएसएस के तहत कायम कर जांच में लिया गया। संपूर्ण जांच में मर्ग इंटीमेशन, शव पंचनामा, पीएम रिपोर्ट, नजरीनक्शा, कथन मृतिका के परिजन, साक्षी से पता चला कि बालिका को अकेला पाकर आरोपी पिन्टू डोहर एवं लल्ली चौधरी उसे परेशान करते थे और लक्ष्मिनिया चौधरी बदनाम करने का भय दिखाकर मानसिक प्रताड़ित करती थी। जिससे तंग आकर बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### नई बस्ती से पकड़े गए आरोपी

इस मामले में आरोपी पिन्टू डोहर उर्फ पुरुषोत्तम केवट पिता गोपाल केवट (25), लल्ली वर्मा पिता राजेश चौधरी (21), लक्ष्मिनिया चौधरी पत्नी बबलू चौधरी (43) तीनों निवासी डोंगरी नई बस्ती के विरुद्ध प्रथम दृष्टया अपराध धारा 107, 3 (5) बीएनएस का घटित करना पाए जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करते हुए जेल भेज दिया गया है।

# हत्या की नीयत से फायर करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 30 मार्च. सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत सर्किट हाउस के पास रीवा रोड में हत्या की नीयत से हमला करते हुए कट्टा से फायर करने के मामले में दो और अपराधी पुलिस की गिरफ्त में आए हैं। कार्रवाही के बाद दोनों आरोपियों को सोमवार को अदालत में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया।**



पुलिस के अनुसार, 7 जनवरी को अतुल गौतम पिता कामता प्रसाद गौतम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भाई अनिकेत गौतम पर चट्टू निवासी खम्हिरया, विशाल निवासी खम्हरिया, सनिल बम्हनगवां, ऋषभ शुक्ला उर्फ छोटू ,हिमांशू, शिव, अनुज ने मिलकर जान से मारने की नीयत से मारपीट की है। इस दौरान सनिल ने कट्टे से फायर कर जान लेने की कोशिश की। इसी प्रकरण में आरोपी अनुज उर्फ प्रशांत तिवारी, शिव अग्निहोत्री उर्फ आकाश, रिषभ शुक्ला, हिमांशू तिवारी को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामले में फरार आरोपी सनिल सिंह पिता नारेन्द्र सिंह (36) निवासी बम्हनगवां को उसके घर में दबिश देकर पकड़ा गया। सनिल के अलावा विस्सू उर्फ विशाल शुक्ला पिता विनोद शुक्ला (23) निवासी खम्हरिया हाल आदर्श नगर को भी गिरफ्तार किया गया है।

### 9 मार्च को भी किया था हमला

पता चला है कि फरारी के दौरान 9 मार्च को आरोपी सनिल ने उमा प्रताप सिंह निवासी मुख्तयारगंज के बेटे अमित सिंह उर्फ अब्बू पर प्राणघतक हमला किया था। इस प्रकरण में विपिन गुप्ता उर्फ मोदी पिता गणेश प्रसाद गुप्ता निवासी उतैली, रिषभ द्विवेदी पिता विश्वनाथ द्विवेदी निवासी नंदहा, गौरव उर्फ कान्हा मिश्रा पिता केदार प्रसाद मिश्रा निवासी चौरा चंदपुरवा को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।



# घायल मजदूर की इलाज के दौरान हुई मौत

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 30 मार्च. उचेहरा थाना क्षेत्र में शराब पिलाने के बाद एक मजदूर के साथ मारपीट की गई। परिजन उसे लेकर सोमवार की सुबह थाना पहुंचे रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद घायल को अस्पताल में दाखिल कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।**

अब पुलिस पीएम रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में धाराएं बढ़ाते हुए कार्रवाही करेगी। पता चला है कि हत्था बाबा उचेहरा निवासी ज्ञान चौधरी पुत्र सुकरू चौधरी (65)सोमवार सुबह लहूलुहान हालत में पुलिया के पास मिले थे। ज्ञान के परिजनों ने बताया कि रविवार शाम को देवलाल और जियालाल गेहूं की बोरियां ट्रैक्टर से उतरवाने के लिए ज्ञान को लेकर गए थे। देर रात तक जब ज्ञान घर नहीं लौटे, तो उनकी तलाश शुरू की। सोमवार सुबहकरीब 6 बजे ज्ञान बाईपास स्थित पुलिया के पास गंभीर हालत में मिले। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की बेटी रोशनी चौधरी ने आरोप लगाया है कि गेहूं की बोरियां उतरवाने के बाद जब उन्होंने मजदूरी मांगी तो आरोपी देवलाल और जियालाल ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उन्हें पहले शराब पिलाई और फिर बेरहमी से पिटाई की। इस प्रकरण में थाना प्रभारी उचेहरा सतीश मिश्रा ने बताया कि मारपीट का अपराध पंजीबद्ध है, मृत्यु की सूचना के बाद पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाही की जाएगी.

# भाजपा के संरक्षण में बढ़ रहे महिला अपराध : डॉली

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 30 मार्च. भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार के संरक्षण में महिला अपराध बढ़ रहे हैं।**



अकेले सतना जिला में गौर करें तो भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष और पार्षद पति तक महिलाओं का शोषण करने के आरोपों से घिरे हैं। यह कहना है महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष डॉली चौरसिया का, उन्होंने इस संबंध में मीडिया से बात करते हुए कहा कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा और प्रदेश अध्यक्ष रीना बैरासी के निर्देश पर मासूम बेटियों को न्याय दिलाने के लिए निर्णायक संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि महिला अपराधों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाई जाए। पीड़ित परिवारों को सुरक्षा मुहैया कराई जाए, ताकि उन पर अपराधी कोई नाजायज दबाव ना बना पाएं। साथ ही ऐसे आरोपी को जमानत ना देते हुए फांसी की सजा का प्रावधान होना चाहिए। डॉली ने कहा कि भाजपा अगर महिला सुरक्षा का दम्भ भरती है तो सबसे पहले ऐसे अपराधी भाजपा नेताओं को पार्टी से निष्कासित करना चाहिए। शहर अध्यक्ष डॉली ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, मंडल नागौद के अध्यक्षक पुलकित टंडन, रामपुर बाघेलान में पार्षद पति अशोक सिंह के कृत्यों के बारे में बताते हुए कहा कि भाजपा ने इन्हें संरक्षण दिया, इसलिए कड़ी कार्रवाही से सभी बच रहे हैं। मीडिया से चर्चा के दौरान शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दकी, नागौद से विधानसभा प्रत्याशी रहीं रश्मि सिंह, उर्मिला त्रिपाठी, आरती सिंह, साधना कपूर, हेमलता सिंह, सीमा बागरी आदी मौजूद रहीं।

# भाजपा ने शोक व्यक्त किया

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 30 मार्च. चित्रकूट के पूर्व विधायक गणेश बारी के निधन पर भारतीय जनता पार्टी ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धान्जलि अर्पित की है।**

भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय ने स्व. श्री गणेश बारी को गरीबो, वंचितो और जरुरतमंदो की आवाज बताते हुए कहा कि उन्होने अपने संघर्ष, समर्पण एवं सेवा के माध्यम से समाज मे अपनी एक अलग पहचान बनायी थी। भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओ ने भी श्री गणेश बारी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धान्जलि अर्पित की। शोक व्यक्त करने वालो मे जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय, राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक नागेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह गहरवार, विक्रम सिंह विक्की, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुस्मिता सिंह परिहार, महापौर योगेश ताम्रकार, नगर पालिक निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन, प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद आदि शामिल रहे.




# राम वन गमन पथ को विशेष पर्यटन विकसित करने गठित हो दल : गणेश

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 30 मार्च. लोकसभा की कार्यवाही के दौरान सोमवार को सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह ने एक बार फिर चित्रकूट धाम का उल्लेख करते हुए राम वन गमन पथ को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए विशेष मांग रखी।**

उन्होंने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से इस ऐतिहासिक-आध्यात्मिक मार्ग के अध्ययन और प्रचार-प्रसार के लिए विशेष दल गठन की अपील की। सांसद गणेश सिंह ने सदन में कहा कि भारत सरकार के प्रयासों से पर्यटन क्षेत्र को नई गति मिल रही है। उन्होंने आईआईएम के माध्यम से 10,000 टूर गाइड्स को प्रशिक्षित करने के लक्ष्य की सराहना की और कहा कि यह कदम स्वागत योग्य है। साथ ही चलो इंडिया, भारत की जनता देखो अपना देश जैसी योजनाओं के तहत देशव्यापी पर्यटन को ब?ावा देने के प्रयासों की भी तारीफ की।

सांसद ने कहा कि सतना लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चित्रकूट का विशेष उल्लेख है, सांसद ने बताया कि भगवान श्रीराम ने यहां अपने वनवास काल के सा? 11 वर्ष व्यतीत किए थे। यहीं से राम वन गमन पथ दक्षिण दिशा की ओर अग्रसर हुआ था। उन्होंने मांग की कि इस पथ के अध्ययन, प्रामाणिक जानकारी संकलन और व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए एक विशेष दल गठित किया जाए, ताकि देशवासियों को इसकी सही जानकारी मिल सके और धार्मिक पर्यटन को नई ऊर्जा मिले।

# मुनि श्री की आरती के साथ महावीर जयंती शोभायात्रा का स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 30 मार्च. जैन धर्म के प्रमुख एवं पवित्र पर्व महावीर जयंती के अवसर पर भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा पन्नीलाल चौक से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई हनुमान चौक पहुंची।**



यहां अजय सोनी फैंस क्लब एवं राजदीप सिंह मोनू के नेतृत्व में श्रद्धा और उत्साह के साथ शोभायात्रा का गरिमामय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महावीर की आरती से हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने जीवित प्राणियों के प्रति दया, प्रेम और अहिंसा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यही सिद्धांत मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाते हैं। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को फैंस क्लब द्वारा पेयजल वितरित किया गया। इस अवसर पर अजय सोनी फैंस क्लब के सदस्य प्रभु दयाल शर्मा, अविनाश मिश्रा, अरविंद सिंह निराला, अशोक मिश्रा, अजीत पांडे, नरेंद्र त्रिपाठी, महेंद्र कुशवाहा, अनूप सिंह, अरविंद कुमार शर्मा, आकाश नामदेव, दीपेंद्र सिंह, शिवम अग्निहोत्री, योगेश सोनी, संजय शुक्ला, शिवम पांडे, राजू द्विवेदी, वीरेंद्र कुशवाहा, सुजल चतुर्वेदी, कृष्णा सोनी, नीरज पाठक, नीरज चौधरी, ध्रुव कुमार पटेल, कमलापति त्रिपाठी, अरविंद माधवगढ़ सहित समाजसेवी वर्मा नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### माधवगढ़ में सात दिवसीय विशेष शिविर

**सतना.** स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस ग्राम माधवगढ़ में उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। महिला कार्यक्रम अधिकारी एवं शिविर समन्वयक डॉ. गरिमा सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेंद्र सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. सी. राय, शिविर स्थल शासकीय पद्मधर उच्च माध्यमिक विद्यालय माधवगढ़ के प्राचार्य अनिल सोनी तथा एनएसएस के जिला संगठक एवं शिविर निदेशक डॉ. क्रांति मिश्रा भी मौजूद रहे।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक आज

**सतना.** गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी एण्ड पीएनडीटी) के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक 31 मार्च को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है।



### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**सतना।** सोमवार को नई बस्ती में धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब दुर्गा मंदिर से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ होकर सिद्दी विनायक पैलेस केंद्रीय विद्यालय तक पहुंची। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जो ष्छ्व पर बज रहे भक्ति मय भजनों पर नाचते-झूमते हुए पूरे मार्ग में उत्साहपूर्वक आगे बढ़ते रहे। यात्रा के दौरान जगह-जगह आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की गई। बग्गी में विराजमान कथा वाचक श्रद्धेय पं. श्री विनोद कृष्ण जी महाराज (वृन्दावन) का श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक बंधुओं द्वारा कलश यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया।